**कार्यालय— श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर समिति, कैनाल रोड, देहरादून।**

पत्रांक— 757 /पदोन्नति/2023—24 दिनांक 15.02.2024

1. कार्याधिकारी,
श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर समिति, ऊखीमठ।

2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
श्री बदरीनाथ अधिष्ठान।

**विषयः—** **श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर समिति अन्तर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर पदोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर सेवानियमावली 2023 प्रख्यापित की जा चुकी है तथा सेवानियमावली में उल्लेखित प्रकिया के अधीन नियमानुसार श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर समिति अर्न्तगत विभिन्न रिक्त पदों पर प्रोन्नति की कार्यवाही की जानी है।

अतः पदोन्नति की कार्यवाही किए जाने हेतु आप अपने अधिष्ठान से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाएं यथा वर्षवार घटित शुद्ध रिक्तियों के विवरण, उपयुक्त ज्येष्ठता, सह श्रेष्ठता, श्रेणीकृत कार्मिकों का विवरण, विगत 05 वर्षों की वार्षिक प्रविष्टि एवं अन्य संगत सेवा अभिलेखों सहित अविलम्ब सूचना/आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

मुख्य कार्याधिकारी

प्रतिलिपि— निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष जी, श्री बदरीनाथ—केदारनाथ मन्दिर समिति को मा0 अध्यक्ष जी के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु।

मुख्य कार्याधिकारी